www.jagran.com

एक नजर

प्राचार्य ने किया वार्डों का निरीक्षण

हल्द्वानी : राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. आरसी पुरोहित ने रविवार को डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय का निरीक्षण किया। वार्डवार निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। साथ ही बिना पास के वार्ड में घूमने वाले लोगों को बाहर करने के निर्देश दिए। प्रो. पुरोहित ने कहा कि व्यवस्था दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

विदेशी संस्कृति से हुए रू-ब-रू

भीमताल : नौकुचियाताल में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव में तीसरे दिन रविवार को जर्मनी और फिनलैंड में बने वृत्तचित्र दिखाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। रविवार को 'स्टीम आफ लाइफ' फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा। जौनस बर्धल द्वारा निर्देशित और फिनलैंड में बनी इस फिल्म में सोना बाथ को आधार बनाकर वहां के पुरुषों की मनोदशा को दर्शाया है। इसके अतिरिक्त जर्मनी के सायरा ऐवी द्वारा निर्देशित 'टाइंग योर ओन सूज' को भी काफी पसंद किया गया। महोत्सव के आयोजनकर्ता संस्था फार मीडिया की कोषाध्यक्ष नीलिमा माथुर के अनुसार महोत्सव का समापन सोमवार को होगा। सात मार्च से चल रहे महोत्सव में विभिन्न देशों की लगभग अठारह वृत्तचित्र दिखाए जाएंगे।

DAINIK JAGRAN MAR 11 2013

अंतरराष्ट्रीय वृत्तचित्र महोत्सव आज से

- नौकुचियाताल में जुटेंगे 18 देशों के दिग्गज
- पद्मश्री डा. शेखर पाठक करेंगे महोत्सव का शुभारंभ

भीमताल : नौकुचियाताल में गुरुवार 7 मार्च से 11 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय वृत्तचित्र फिल्म महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसमें विश्व के 18 देशों के फिल्म जगत से जुड़े लोग शामिल होंगे। महोत्सव के आयोजक फाउंडेशन फार रिस्पांसिबल मीडिया के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ पदमश्री डा. शेखर पाठक करेंगे। यह भारत में अपनी तरह का पहला महोत्सव होगा।

इसका अयोजन फार मीडिया संस्था की ओर से जर्मनी की डोको लिट्ज संस्था के सहयोग से किया जा रहा है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

फार मीडिया की कोषाध्यक्ष और मुख्य ट्रेनर नीलिमा माथुर ने बताया कि महोत्सव में 18 डॉक्युमेंट्री फिल्में दिखाई जाएंगी। ये फिल्में सामाजिक समस्याओं और विभिन्न देशों के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित होंगी। महोत्सव में प्रतिदिन तीन से चार फिल्म दिखाई जाएंगी।

इसमें अमेरिका, न्यूजीलैंड, चेकोस्लोवाकिया, पोलैंड, फिनलैंड, स्वीडन, भारत समेत विश्व के लगभग 18 देशों के डायरेक्टर और फिल्म प्रोडक्शन हाउस शामिल होंगे।

आज दिखाई जाने वाली फिल्में

1 'इफ ए ट्री फॉल्स'

अमेरिकन फिल्म है। इसमें निर्देशक मार्क खरी ने पर्यावरण को बचाने के लिए अमेरिकन युवकों के आंदोलन को दर्शाया है। आंदोलन के लिए युवकों को हिंसा का भी सहारा लेना पड़ा था।

2 'गुड नाइट नोबडी'

इसे स्विट्जरलैंड और जर्मनी में फिल्माया गई है। निर्देशक जैकलिन ने फिल्म के माध्यम से अनिद्रा रोग से ग्रसित लोगों की समस्याओं को दिखाया है।

3 'ए पीस आफ समर'

यह पोलैंड की फिल्म है। निर्देशक माफ्टा मिनोरोविर ने फिल्म के माध्यम से दादा और पोते के संबंध को दर्शाया है। फिल्म के मध्य से अंत तक सस्पेंस रखा है कि क्या पोता अपने दादा के कार्य को अपनाएगा या नहीं। दादा तारकोल पिघलाने का कार्य करता है।

DAINIK JAGRAN MAR 7, 2013